# देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

क्रमांक / वि.वि.मु. / निविदा / 2018–19 /　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक :–

## कागज क्रय हेतु निविदा – विज्ञप्ति 2018–19

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर के मुद्रणालय विभाग में A ग्रेड क्रीमव्होव 18" X 23" (45.5 X 58.5) 60 GSM कागज, निविदा प्रपत्र में दर्शाए विवरण अनुसार, 250 मेट्रीक टन कागज क्रय किये जाने हेतु कागज निर्माता मिल / अधिकृत डीलर / अधिकृत एजेंट से ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का अनुमानित मूल्य 2,00,00,000 / – रु. है। निविदा का विस्तृत विवरण www. mptenders.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 5,000 / – तथा सुरक्षा निधि की राशि रु. 6,00,000 / – है।

निविदा जमा करने एवं खोलने संबंधी विवरण निम्नानुसार है :–

| | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Publishing Date | 04/01/2019 | 10:30 |
| 2 | Document Download/Sale Start Date | 04/01/2019 | 10:30 |
| 3 | Seek Clarification Start Date | 04/01/2019 | 10:30 |
| 4 | Seek Clarification End Date | 21/01/2019 | 17:30 |
| 5 | Bid Submission Start Date | 10/01/2019 | 10:30 |
| 6 | Bid Submission Closing Date | 28/01/2019 | 17:30 |
| 7 | Offline Tender Documents Deposition End Date | 29/01/2019 | 17:30 |
| 8 | Bid Opening Date | 30/01/2019 | 14:30 |

निविदा पत्र का सत्यापन दिनांक 30/01/2019 को मुद्रणालय प्रभारी के कार्यालय में अपरान्हः 2:30 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके प्रतिनिधि के समक्ष निर्धारित समिति के द्वारा किया जावेगा।

निविदा संबंधी जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.dauniv.ac.in पर भी उपलब्ध है। निविदा के संबंध में दूरभाष क्रमांक 0731-2580142, 0731-2528966 एवं e-mail ID:tiwariajay8@rediffmail.com पर भी संपर्क किया जा सकता है।

*नोटः– निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन समाचार पत्र के माध्यम से नहीं किया जावेगा। यह केवल www.mptenders.gov.in एवं वि. वि. की वेबसाईट www.dauniv.ac.in पर ही प्रकाशित किया जावेगा।*

कुलसचिव

# देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

## कागज क्रय करने हेतु खुली निविदा (ई–टेण्डर)

### निविदा–पत्र एवं शर्तें

**(निविदा भरने के पूर्व शर्तों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। उल्लेखित शर्तों के पालन में त्रुटि पाई जाने पर निविदा बिना कारण बताये निरस्त की जा सकती है)**

विश्वविद्यालय के मुद्रणालय में उपयोगार्थ A ग्रेड 60 GSM, 18"X 23" (45.5X58.5 CM ), व्हाईट क्रीमव्होव पेपर (Manufactured from Virgin Pulp Only), 250 मेट्रिक टन कागज क्रय करने हेतु केवल कागज निर्माता मिल / अधिकृत डीलर / अधिकृत एजेंट से खुली निविदा (ई–टेण्डर) आमंत्रित की जाती है। निविदा का अनुमानित मूल्य 2,00,00,000 / – रु. है।

| कागज का प्रकार | साईज | वजन | मात्रा |
|---|---|---|---|
| Aग्रेड व्हाईट क्रीमव्होव पेपर<br>**(Manufactured from Virgin Pulp Only)** | 18" X 23"<br>(45.5 X 58.5) | 60 GSM<br>प्रति रीम 8 kg 500 शीट | 250मेट्रिक टन |

## निविदा की अर्हकारी शर्तें

1. (a) निविदा प्रपत्र के मूल्य के रूप में रु. 5,000 / – (रुपये पांच हजार) एवं अर्नेस्ट मनी के रूप में रु. 6,00,000 / –(छः लाख) online जमा करना होगा।
   (b) Pack 1 (mptenders.gov.in) में निविदाकर्ता निविदा प्रपत्र के मूल्य एवं EMD की scanned copy रखकर सीलबंद करें
2. (a) Pack 2 (mptenders.gov.in) में निविदाकर्ता निम्नांकित दस्तावेजों / अभिलेखों की स्वयं सत्यापित प्रतियों की Scanned copy upload करें ।
   (i) निविदाकर्ता NIT के appendix 1 में वर्णित organization detail स्पष्ट अक्षरों में भरकर upload करें।
   (ii) निविदाकर्ता अपने स्थायी खाता क्रमांक (PAN), GSTIN registration की सत्यापित छाया प्रतियाँ।
   (iii) वित्त वर्ष 2015–16, 2016–17 एवं 2017–18 के व्यापार एवं लाभ–हानि खाते तथा बेलेन्सशीट की चार्टर्ड अकाउन्टेण्ट से आडिटेड प्रति एवं विगत तीन वर्षो की आयकर रिटर्न की प्रमाणित छायाप्रति। उपरोक्त से यह प्रमाणित होना चाहिये कि प्रत्येक वर्ष में निविदाकार मिल / निविदाकर्ता का टर्न ओव्हर 5 करोड़ रुपये प्रति वर्ष अथवा इससे अधिक का हो ।
   (iv) वित्त वर्ष 2016–17 से 2017–18 तक प्रत्येक वित्तीय वर्ष में रुपये 75 लाख से अधिक कागजप्रदाय के सिंगल आर्डर की संबंधित संस्था का क्रय आदेश / प्रमाण–पत्र की स्वयं द्वारा सत्यापित छाया प्रति।
   (v) निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी शासकीय संस्था से कभी भी ब्लेक लिस्टेट नही होना चाहिए। इस बाबत् निविदाकर्ता NIT के appendix 2 में वर्णित शपथ पत्र (रूपये 100 / – के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित) की स्वयं सत्यापित छायाप्रति।
   (vi) 2 (b) (iv) में उल्लेखित परीक्षण की रिपोर्ट की स्वयं सत्यापित प्रति ।

   (b) निविदाकर्ता निम्नांकित दस्तावेज Pack 2 (Offline) में रखकर सीलबंद करें
   (i) 2(a) के बिन्दु क्रमांक (i) से (iv) तक उल्लेखित दस्तावेजों की स्वयं सत्यापित प्रति
   (ii) 2(a) (v) में वर्णित मूल शपथ पत्र
   (iii) निविदाकार मिल / निविदाकर्ता प्रदाय किये जाने वाले कागज के नमूनों की 18"X 23", 60 GSM साईज की 20 शीट जिन पर (प्रत्येक पर) निविदाकार मिल / निविदाकर्ता की सील लगी हो तथा कागज की ग्रेड, कागज का आकार, कागज का वजन भी अंकित हो तथा सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर हों।
   (iv) इसके साथ ही प्रदाय किये जाने वाले कागज के नमूने के रूप में प्रस्तुत कागज की गुणवत्ता संबंधी परीक्षण रिपोर्ट की प्रमाणितप्रति जो मान्यता प्राप्त केन्द्रीय / राष्ट्रीय कागज परीक्षण संस्था की हो तथा जिस पर कागज की गुणवत्ता का स्पष्ट उल्लेख तथा परीक्षण का दिनांक अंकित हो।

4. निविदाकर्ता 1(b) के Pack1 (Offline) एवं 2(b) के Pack 2 (offline) को एक अन्य सीलबन्द लिफाफे में रखकर, जिसके ऊपर **"कागज प्रदाय के लिए निविदा"** स्पष्ट अक्षरों में लिखा हो, "**कुलसचिव, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, आर. एन. टी. मार्ग, इन्दौर**"– 452001 के पते पर दिनांक 29/01/2019 को सायं 5:30 बजे तक या इसके पूर्व केवल स्पीड पोस्ट से कार्यालयीन समय में पहुंचाना सुनिश्चित करें। डाक में गुम होने/विलम्ब होने/कटने फटने पर विश्वविद्यालय का कोई उत्तर– दायित्व नहीं होगा।

5. Online Financial Bid के लिए BoQ, mptenders.gov.in से download कर, ध्यानपूर्वक भरकर निर्धारित स्थान पर upload करें।

## निविदा की अन्य शर्ते

1. निविदाकर्ता निविदा के साथ कागज का नमूना संलग्न करते समय यह सुनिश्चित करें कि कागज वर्तमान ISO मानकों (IS 1847:2007) के अनुरूप हों एवं कागज स्याही के पेन, बाल पेन, जेल पेन द्वारा लिखने के योग्य हो। इस पर स्याही न तो फेले और न ही दूसरी ओर फूटे या निशान दिखाई दे। कागज की सतह समतल, चिकनी एवं स्मूथ हो तथा भली प्रकार साईजिंग किया गया हो।

2. निविदाकर्ता कागज की दर देते समय यह विशेष रूप से ध्यान रखे कि दरों में सभी प्रकार के करों का समावेश कर लिया गया हो एवं दरें विश्वविद्यालय मुद्रणालय परिसर तक सामग्री पहुंचाने एवं उसे भंडार गृह के भीतर व्यवस्थित रूप से रखने तक के समस्त व्यय को सम्मिलित करके दी जावें। **Financial Bid में एक मेट्रिक टन कागज की दरें दी जावें।**

3. निविदा पत्र के सत्यापन के समय निविदाकार मिल/निविदाकर्ता के अधिकृत प्रतिनिधि निविदाकार मिल/निविदाकर्ता द्वारा प्रदत्त अधिकार पत्र एवं परिचय पत्र के साथ उपस्थित हो सकते है।

4. जिस निविदाकर्ता की निविदा स्वीकृत होगी उसे एक सप्ताह के अंदर रुपये 1,000/– के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रारूप में अनुबंध पत्र हस्ताक्षरित करना होगा अन्यथा अर्नेस्टमनी राजसात कर ली जायेगी और निविदा निरस्त कर दी जायेगी तथा विश्वविद्यालय द्वितीय कम के निविदाकर्ता से प्रथम कम की दरों पर कागज कय करने एवं अनुबंध करने के लिये स्वतंत्र होगा।

5. सफल निविदाकर्ता को 250 मेट्रिक टन कागज में से minimum 100 मेट्रिक टन कागज कय आदेश जारी करने के एक माह की अवधि में एवं शेष कागज की आपूर्ति अगले एक माह की अवधि में करनी होगी।

6. निविदा पत्र में दिये गये भाव निविदा मान्य होने पर अनुबंध तिथि से एक वर्ष तक मान्य रहेंगे तथा दोनो पक्षों की सहमति से अनुबंध की अवधि आगामी एक वर्ष के लिये समान दर एवं शर्तो पर बढाई जा सकेगी।

7. यदि निविदाकार मिल/निविदाकर्ता निविदा स्वीकृत होने पर मिल/निविदाकर्ता की ओर से कागज प्रदाय करने हेतु कोई अधिकृत प्रतिनिधि नियुक्त करता है या निविदाकर्ता अपने किसी अधिकृत डीलर को कागज प्रदाय करने हेतु अधिकृत करता है तो ऐसी दशा में निविदा एवं अनुबंध की समस्त शर्तो का पालन का उत्तर–दायित्व भी निविदाकर्ता (अनुबंध ग्रहिता) का होगा और समस्त हानियों/क्षतियों की पूर्ति करने का उत्तरदायित्व भी निविदाकर्ता (अनुबंध ग्रहिता) का ही होगा।

8. सामग्री प्राप्त होने पर इसके मानक स्तर की जांच विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त केन्द्रीय/राष्ट्रीय कागज परीक्षण संस्था से कराई जावेगी एवं सामग्री मानक स्तर की न होने पर तथा अमान्य की जाने की दशा में निविदादाता को सामग्री अपने स्वयं के व्यय से विश्वविद्यालय से वापस ले जाना होगी। सामग्री का प्रदाय समय पर अथवा नियत स्तर का न होने पर सामग्री के मूल्य का भुगतान नियमानुसार रोका अथवा कम किया जा सकेगा। कागज उपयुक्त गुणवत्ता का ना होने अथवा समयावधि में प्रदाय न करने पर धरोहर राशि राजसात की जावेगी साथ ही निविदाकर्ता/प्रदायकर्ता मिल को Black list करने की कार्यवाही भी की जा सकती है।

9. यदि निविदाकर्ता कयादेश में उल्लेखित शर्तो में तथा समय सीमा में कागज का प्रदाय नहीं करेगा तो ऐसी स्थिति में विश्वविद्यालय अन्य निविदाकर्ता से कागज कय करने के लिये स्वतंत्र रहेगा तथा अंतरकी राशि निविदाकर्ता की अर्नेस्टमनी की राशि में से समायोजित कर राजसात कर ली जायेगी।

10. प्रदाय की गई सामग्री की प्राप्ति रसीद विश्वविद्यालय कार्यालय द्वारा अधिकतम सात दिनों की अवधि में प्रदायकी जावेगी। प्रदायकर्ता द्वारा कागज प्राप्ति के साथ प्रदाय की गई सामग्री के बिल तीन प्रतियों में कुलसचिव, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर के नाम से भुगतान हेतु प्रस्तुत किये जावेंगे। साथ ही प्रदाय किये गये कागज की गुणवत्ता संबंधी परीक्षण रिपोर्ट की प्रमाणित प्रति जिस पर कागज की गुणवत्ता का स्पष्ट उल्लेख तथा परीक्षण का दिनांक अंकित हो प्रस्तुत करना होगा।

11. निविदाकर्ता द्वारा प्रदाय किया गया कागज नमूने के अनुसार आकार, वजन एवं गुणवत्ता का है या नहीं इसका मिलान विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति द्वारा प्रथम दृष्टया किया जाएगा।

12. कागज मिलान हेतु गठित समिति यह देखेगी कि कागज के प्रत्येक बण्डल पर निविदाकार मिल/निविदाकर्ता का लेबल चस्पा हो तथा उस पर उस बण्डल में रखी गई कागज के रिमों की संख्या, प्रत्येक रिम में कागज की शीटों की संख्या, वजन तथा आकार अंकित होना चाहिये।

13. सामान्य दशा में देयक का भुगतान निविदा एवं अनुबंध की शर्तो के अनुसार कागज वि. वि. में प्रदाय हो जाने पर भुगतान चैक/बैंक ड्राफ्ट/RTGS द्वारा निविदाकर्ता (अनुबंध ग्रहिता) को नियमानुसार कर कटौती उपरान्त एक माह में किया जावेगा। किन्तु अपरिहार्य स्थिति में विलंब होने पर ब्याज आदि का पृथक से भुगतान नहीं किया जावेगा।

14. निर्धारित निविदा प्रपत्र की सभी प्रविष्टियां स्पष्ट एवं सुवाच्य अक्षरों में भरी जावें। किसी प्रकार की कांट छांट/ उपरी लेखन होने पर निविदा प्रपत्र निरस्त किया जा सकेगा।

15. किसी भी निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित है। इस संबंध में कोई भी कारण बताने के लिये विश्वविद्यालय बाध्य नहीं है। इस सम्बंध में विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम तथा बाध्यकारी होगा।

16. किसी भी विवाद की स्थिति में कुलपति, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

17. निविदा विषयक विवाद में Sole Arbitrator कुलपति देवी अहिल्या विश्वविद्यायल इन्दौर होगें।

18. न्यायालयीन विवाद की स्थिति में न्यायालयीन क्षेत्राधिकार इन्दौर रहेगा।

कुलसचिव

Appendix 2

कागज क्रय हेतु निविदा वर्ष 2018–19

| |
|---|
| शपथ पत्र नोटरी से सत्यापित<br>रू. 100/–के स्टाम्प पेपर पर |

मैं ..............................................................................................................................

द्वारा प्रोपराइटर मेसर्स ........................................................................................................

निम्नलिखित कथन शपथ लेकर कहता हूँ कि :–

(1) यह कि फर्म को किसी भी शासकीय संस्था/उपक्रम से कभी भी ब्लैक लिस्टेड नहीं किया गया है।

(2) यह कि फर्म का कागज प्रदाय कार्य के सम्बंध मे कोई कानूनी विवाद न्यायालय में लम्बित नहीं है।

(3) यह कि फर्म पर किसी शासकीय संस्था/उपक्रम की देनदारी शेष नही है।

(4) यह कि निविदा में प्रस्तुत अथवा पत्र में पाई गई जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरी निविदा को निरस्त करने का अधिकार देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर को होगा।

शपथग्रहिता

**सत्यापन**

मैं उपरोक्त शपथग्रहिता सत्यापित करता हूं कि मेरे द्वारा निष्पादित उक्त शपथ पत्र के बिन्दु (1) से (4) में वर्णित कथन मेरे निजी ज्ञान व विश्वास अनुसार पूर्ण सत्य है।

शपथग्रहिता

Appendix 1

## ORGANIZATIONAL DETAILS

1. Bidder Name ----------------------------------------------------------------------------------

2. Address ----------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------

3. Telephone no Office ------------------------------- Residence --------------------------

Fax ------------------------------- Mob. No --------------------------

e-Mail ------------------------------------------------------------------------

4. GSTTIN Registration number: -------------------------------------------------------

5. Details of Authorized Representative

Name : ----------------------------------------------------------------------------------

Designation : ----------------------------------------------------------------------------------

Address : ----------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------

Telephone no: Office ------------------------------- Residence --------------------------

Fax ------------------------------- Mob. No --------------------------

e-Mail ---------------------------------

**Date:** --------------------

**Place:** --------------------

**Signature of Bidder with Seal**